# सवारियों से भरी बस तलाई में पलटी, एक की मौत, दर्जनों यात्री घायल

## बस के कांच तोड़कर यात्रियों को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला



करौली के निकट सवारियों से भरी बस के तलाब में गिरने के बाद रेस्क्यू कर निकालते लोग।

■ घायलों को एंबुलेंस के जरिए करौली चिकित्सालय में उपचार के लिए पहुंचाया

**करौली, (निसं)।** करौली मंडरायल सड़क मार्ग पर स्थित ससेडी मोड़ के पास करौली की ओर से मंडरायल जा रही सवारियों से भरी बस अकस्मात ससेडी की तलाई मे पलट गई जिसके पलटने से बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। उधर ससेडी मोड़ पर खड़े लोगों ने बस को तलाई में गिरते देख भागकर मौके पर पहुंचे। जिन्होंने बस के कांच तोड़कर बस में से यात्रियों को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला। एक यात्री बस के नीचे तलाई के पानी में दब गया। यात्रियों को लोगों ने बस के शीशो को तोड़कर निकालते समय यात्रियों में चीख-पुकार और घबराहट मची हुई थी जिनमें एक महिला यात्री गंभीर रूप से घायल थी और दर्जनों महिला, पुरुष यात्री चोटिल हुए घायल महिला को एंबुलेंस के जरिए करौली सामान्य चिकित्सालय में उपचार के लिए पहुंचाया।

पुलिस और प्रशासन को घटना कि सूचना लगते ही मौके पर जिला पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस, जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह, एसपी सुरेश चंद जैफ सहित प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे जहां उन्होंने मौके की घटना को देखकर लोगों के सहयोग से और हाइड्रा, जेसीबी,एलएनटी मशीन के जरिए सिविल डिफेन्स टीम के जवानों की मदद से तलाई में पलटी बस को बड़ी मुश्किल से निकाला। उसी दौरान एक घटना और घटते घटते बची बस को निकालते समय हाइड्रा मशीन पलट गयी ।गनीमत यह रही कि कोई हादसा नहीं घटा बस को निकालने के बाद बस के नीचे पानी में दवे एक यात्री को मृत अवस्था में बाहर निकाला जिसको सामान्य चिकित्सालय लाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर मोर्चरी में रखा जिसकी पहचान विश्राम सिंह पुत्र जोली गुर्जर निवासी नयापुरा जमूरा तहसील मासलपुर 25 के रूप में हुई। गंभीर रूप से घायल हुई महिला लक्ष्मी रावत पत्नी प्रकाश रावत्र 35 निवासी गोनौली हार सबलगढ़ का करौली सामान्य चिकित्सालय में उपचार जारी है।बस हादसे में सवार यात्रियों से बस हादसे की जानकारी लेने पर यात्रियों ने घबराते हुए बताया कि अकस्मात ही बस चालक का संतुलन बिगड़ गया जिससे बस पलट कर तलाई में गिर गई सवार यात्रियों ने बताया कि लोगों ने बस के कांच तोड़कर बड़ी मुसीबतों के साथ बाहर निकाला जानकारी के अनुसार जैसे ही बस का संतुलन बिगड़ा वैसे ही बस चालक गाड़ी में से कूद कर भाग गया

उधर क्षेत्रीय विधायक डांग विकास बोर्ड के अध्यक्ष लाखन सिंह कटकड़ ने बस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों से घटना की पूरी जानकारी लेते हुए घायलों को उचित उपचार की सहायता के निर्देश दिए और घटना की पूरी जानकारी लेते रहे जानकारी के अनुसार बस करौली बस स्टैंड से प्रातः 10:00 बजे के करीब मंडरायल के लिए रवाना हुई जिसमें अधिकांश सवारी मध्य प्रदेश की थी जो कैलादेवी जी के दर्शन कर वापस लौट रही थी बस में चोटिल हुई अधिकांश सवारियों ने अपने मोबाइल खोना बताया कई यात्रियों ने नगदी और सामान भी नहीं मिलना बताया।

# पांतली गांव में हुए मर्डर का खुलासा, सात गिरफ्तार

## उधारी के एक हजार रुपये नहीं लौटने पर की थी हत्या

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले के पांतली गांव में शनिवार रात्रि को हुये राजपूत समाज एक व्यक्ति का मर्डर का दोवडा पुलिस ने खुलासा करते हुए सात आरोपियों ने गिरफ्तार कर किया है।

थानाधिकारी हेमंत चौहान ने बताया कि प्रार्थी तखतसिंह पुत्र सूर्यसिंह चुण्डावत ने निवासी पांतली ने लिखित रिपोर्ट देकर बताया कि दो अप्रेल की शाम करीब साढे सात बजे में व उसका भाई विक्रमसिंह पुत्र सूर्यसिंह दोनों भाई मजदूर करने के लिए बाइक से नागेला तरफ जा रहे थे। पंचायत पांतली से आगे पहुंचे थे कि जहां पर रास्ते में गांव के तुफान पुत्र हरीश परमार, राजू उर्फ राजेश पुत्र हुरमा परमार व अन्य 8 लड़कों ने निवासी पांतली गांव के सभी अपने हाथों में लट्ठ व हथियार व लोहे के पाईप लेकर खडे थे। जिन्होंने हमे रोका तथा विक्रमसिंह को कहा कि तूने गांव में बहुत दादागिरी मचा रखी है। यह कहते गाली गलौच करते हुए सभी ने मेरे भाई के साथ लट्ठ, लोहे के पाईप व कोदाली लेकर मारपीट की। इस दौरान तखतसिंह ने बीच बचाव करने गया तो उसके तखतसिंह से भी मारपीट की। जिसपर तखतसिंह दौडकर गांव में तरफ मदद के लिए दौडा।

जिसके बाद तखतसिंह अपने भाई को ढूंढने के लिए पांतली गांव पहुंचे जहां विक्रमसिंह नहीं मिलने पर उसकी तलाशी शुरू की गई थी। निलकंठ महादेव मंदिर तिराह के पास सडक के साईट में लहूलूहान की हालत में पडा मिला। जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों की टीम ने जांच के बाद विक्रमसिंह को मृत घोषित कर दिया की रिपोर्ट पेश की कानूनी कार्यवाही की मांग की। दोवडा पुलिस ने मृतक के भाई के रिपोर्ट पर विशेष टीम गठित कर आरोपियों का तलाश शुरू कर आरोपी तुफान पुत्र हरीश परमार, पोपट उर्फ हीरालाल पुत्र मानजी परमार, राजेश पुत्र हुरमा परमार, राकेश पुत्र हुरमा डामोर, पंकज पुत्र मगनलाल परमार निलेश पुत्र खेमराज परमार, अनिल पुत्र विजयपाल परमार निवासीयन पांतली फला निचली घरा को गिरफ्तार किया गया।

**हत्या का कारणः-** दोवडा पुलिस ने बताया कि मृतक विक्रमसिंह ने तुफान पुत्र हरीश परमार को कुछ समय पूर्व 6 हजार रूपए उधार दिए थे। कुछ समय के बाद तुफान ने 5 हजार रूपए वापस लौटा दिए थे व एक हजार रूपए नहीं लौटा रहा था जिस पर दो अप्रेल की शाम को बाकी के एक हजार रूपए के लिए व पुरानी रजिंश को लेकर मृतक विक्रमसिंह व तुफान के बीच गांव के एक दुकान पर झगडा हुआ था।

## हादसे में बाल-बाल बचे कार सवार

**पावटा, (निसं)।** प्रागपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 48 स्थित पावटा के मुख्य बस स्टैंड पर एक कार चालक को नींद की झपकी आने के कारण कार पावटा के मुख्य बस स्टैंड पर खड़ी गाड़ी से जा टकराई। इस दौरान वह तो क्षतिग्रस्त हो गई। लेकिन गनीमत रही कि चालक सहित कार में सवार बच्चे व महिला बाल-बाल बच गए।

ग्रामीणों व आस पास के दुकानदारों ने दुर्घटना के दौरान हुए तेज धमाके की आवाज सुन घटना स्थल की तरफ दौड़े व कार में सवार बच्चे व महिलाओं को नजदीक के निजी चिकित्सालय में इलाज करवाया। वहीं मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की सूचना प्रागपुरा थाने को दी। जिस पर थाना पुलिस मौके पर पहुँची व क्रेन की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त वाहन को मौके से हटवाकर यातायात सूचारू करवाया। मौके पर पहुंचे प्रागपुरा थाना ए एस आई कंवर सिंह ने बताया कि कार में सवार लोग खाटूश्याम जी के दर्शन कर वापस अपने घर दिल्ली नोएडा जा रहे थे।

# पुलिस की मौजूदगी में मृतक को दफनाया

**अलवर, (निसं)।** रामगढ़ उपखंड क्षेत्र वनगर पालिका क्षेत्र के डोली बास जय कॉलोनी में शीतला माता मंदिर में कब्रिस्तान की विवादित जमीन पर मृतक के शव को दफनाने को लेकर विवाद की आशंका में भारी पुलिस बल के साथ प्रशासन डोली गांव पहुंचा। दरअसल पूर्व में भी मृतक के शव को दफनाने विवाद उत्पन्न हो गया था। प्रशासन की समझाइश के बाद शव को दफनाया गया था। इसीलिए एसडीएम अमित कुमार वर्मा व तहसीलदार धीरेंद्र कर्दम और डीएसपी देशराज गुर्जर चारों थानों के पुलिस जाब्ता क्यूआरटी टीम के साथ डोली गांव पहुंचे।

मामला यह है कि शीतला माता मंदिर व कब्रिस्तान की विवादित जमीन पर जाने के लिए कोई रास्ता नहीं है इसलिए मृतक के शव जनाजा बस्ती में से होकर खातेदारी खेत में से होकर निकलना पडता है। जब तक मृतक के शव को मिट्टी नहीं दी गई पुलिस चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रही। मृतक छोटे खान पुत्र हसन खान जाति मेव काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। कल अचानक उसकी मौत हो गई। उसके शव को दफनाने को लेकर जब प्रशासन के पास सूचना पहुंची तो प्रशासन व भारी पुलिस की मौजूदगी में शांतिप्रिय तरीके से मृतक के शव का जनाजा निकाल कर उसको दफनाया गया। मंदिर की जमीन पर शव दफनाने को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन से वार्तालाप की यदि गांव के लोग इस विवादित जमीन पर लकडियां रख देते हैं तो प्रशासन अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंच जाता है लेकिन विवादित जमीन पर प्रशासन की देखरेख में शव को दफनाया जा रहा है यह कौन सा न्याय है कोर्ट ने स्टे दे रखा है तो दोनों पर समान दे रखा है यदि कोई अवहेलना करता है तो प्रशासन को दोनों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए बल्कि एक पक्ष के समर्थन में भारी पुलिस बल लेकर पहुंचना यह कहां का न्याय है।

## बायोलॉजी विषय के अभ्यर्थियों की विचारित सूची जारी

**अजमेर, (कासं)।** आरपीएससी द्वारा प्राध्यापक (स्कूल शिक्षा) बायोलॉजी विषय के पदों के लिए प्रतियोगी परीक्षा-2022 के तहत पात्रता की जांच के लिए अभ्यर्थियों की विचारित सूची जारी की गई है। अंतिम रूप से सफल अभ्यर्थियों की सूची दस्तावेज सत्यापन के बाद जारी की जाएगी। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। सचिव एचएल अटल ने बताया कि आयोग द्वारा उक्त पदों पर भर्ती के लिए ग्रुप-ए के प्रथम प्रश्न-पत्र सामान्य ज्ञान एवं सामान्य अध्ययन की परीक्षा का आयोजन 11 अक्टूबर को किया गया था। द्वितीय प्रश्न-पत्र बायोलॉजी विषय की परीक्षा 12 अक्टूबर को आयोजित की गई थी।

# करौली-धौलपुर के जंगलों में अब शीघ्र गूंजेगी टाइगरों की दहाड़

**करौली, (निसं)।** करौली और धौलपुर में पांचवा टाइगर रिजर्व के लिए वन विभाग की टीम ने करौली और धौलपुर का दौरा किया। जानकारी के अनुसार करौली-धौलपुर के जंगलों को जोड़कर राजस्थान का पांचवा टाइगर रिजर्व बनाने के प्रस्ताव को लेकर वन विभाग की टीम और एनसीटीए के अधिकारी करौली दौरे पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार वन विभाग के सीसीएफ शेडूराम यादव,एनटीसीए के दौलत राम, डीएफओ संग्राम सिंह कटियार,भरतपुर के पी काथरवेल, डीएफओ सुरेश मिश्रा, डीएफओ रामानंद भाकर, चंबल घड़ियाल अभ्यारण के अनिल यादव, डॉ. सतीश शर्मा की टीम करौली पहुंची जिनके द्वारा नोटिफिकेशन का प्रस्ताव तैयार किया जाना है जिसकी पूरी जानकारी के लिए वन विभाग की उच्च स्तरीय अधिकारियों की टीम पहुंची। जानकारी के अनुसार नोटिफिकेशन का प्रस्ताव तैयार कर सरकार को भेजा जाएगा। वन विभाग के अधिकारियों से हुई वार्ता के अनुसार उन्होंने बताया कि नोटिफिकेशन का प्रस्ताव तैयार कर सरकार को भेजेंगे तब जाकर सरकार विचार विमर्श कर नोटिफिकेशन जारी करेगी।

## लूटपाट करने वाला मुख्य आरोपी बापर्दा गिरफ्तार

■ झगड़ा करने की कोशिश की और कार के डेस बोर्ड में रखे सात से आठ हजार रूपए ले गए थे

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले के सदर पुलिस ने राहगीरों कर लूटपाट करने वाले मुख्य आरोपी बापर्दा गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मदनलाल ने बताया कि प्रार्थी हितेश पुत्र लालशंकर साद निवासी ने कनबा ने थाने में लिखित रिपोर्ट देकर बताया कि 27 फरवरी को हितेश और उसका मित्र रमेश पुत्र कचरा प्रजापत व कमलेश पुत्र वैला पाटीदार निवासी कनबा गडमाला तीनों डूंगरपुर से हितेश की पत्नी स्नेहा व साढे चार साल के बेटे को लेने राजपुर गए थे।

शाम को साढे सात बजे कनबा घर जाने के लिए निकले राजपूर ढाला उतरते ही सडक पर बाइक आडी लगा कर चार व्यक्तियों ने खडे थे। जिसमें लोकेश उर्फ लंकेश, सावन पुत्र नाथूलाल यादव सहित अन्य दो लूट करने के इरादे से हितेश की कार रोकने का प्रयास किया। नहीं रोकने पर बदमाशों ने कार पर पत्थर मारना शुरू कर दिया। जिसमे एक दो पत्थर गाडी पर लगे। जिसे कांच टूट गया और आरोपियों के द्वारा गाली गलौच कर जबरन झगडा करने की कोशिश की और कार के डेस बोर्ड में रखे सात से आठ हजार रूपए ले गए। पत्थराव के दौरान साढे चार के बच्चे को भी कांच के टुकडे आकर गिरने बच्चा भी घायल हो गया की रिपोर्ट पेश की। सदर पुलिस ने विशेष टीम के द्वारा पूर्व में वांछित आरोपी लोकेश उर्फ लंकेश पुत्र बाबूलाल कटारा निवासी मांडवा खापरडा, सावन पुत्र नाथूलाल यादव निवासी राजपुर एक अन्य को बार्पदा गिरफ्तार किया जाकर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था तथा प्रकारण में वांछित मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर बापर्दा रखा गया।

## दुष्कर्म मामले में तीन गिरफ्तार

**नदबई, (निसं)।** जिले के नदबई ग्रामीण क्षेत्र में करीब एक पखवाड़े पहले बहला-फुसलाकर किशोरी का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म करने के मामलें में नदबई पुलिस सीओ नीतिराज सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

जानकारी के अनुसार पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। जहां से तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार 28 मार्च को ग्रामीण क्षेत्र निवासी एक किशोरी का आरोपियों ने बहला फुसलाकर अपहरण करते हुए सामूहिक दुष्कर्म किया। पीडित किशोरी के पिता ने पुलिस में मामला दर्ज कराया।

बाद में पुलिस ने जांच पडताल करते हुए किशोरी को दस्तयाब किया। साथ ही विश्वेन्द्र सिंह व राहुल खटीक सहित अनिल खटीक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

# रास्ते के विवाद को लेकर हिन्दू संगठनों ने किया प्रदर्शन

■ मुस्लिम समाज ने लगाया विधायक पर माहौल खराब करने का आरोप

**जालोर, (कासं)।** जालोर में बुधवार को बागोडा रोड़ पर स्थित कब्रिस्तान के अंदर से जा रहे रास्तों को बंद करने की कोशिश करने पर हिन्दू संगठनों के लोगों ने कलैक्ट्रेट के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। विधायक जोगेश्वर गर्ग के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं व हिन्दू संगठनों द्वारा कलैक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन करने पर मुस्लिम समाज ने विधायक गर्ग पर जालोर का माहौल खराब करने का आरोप लगाया। वहीं रास्ते के विवाद को लेकर सिरे मंदिर धाम के पीर गंगानाथ महाराज ने मुस्लिम व हिन्दु संगठनों की बैठक लेकर विवाद सुलझाने का आश्वासन दिया है। वहीं मुस्लिम समाज ने भी रास्ता बंद नहीं करने की बात मानी है। इसके बावजूद बुधवार को विरोध प्रदर्शन करने किया गया। वहीं जिला कलैक्टर को 17 अप्रैल तक उक्त विवाद सुलझाने का अल्टीमेट देने पर धरना समाप्त किया।

जालोर शहर के बागोड़ा रोड़ पर ईदगाह व कब्रिस्तान की भूमि वक्फ सम्पति है तथा उक्त सम्पति से रास्ता कई वर्षो से आगे मंदिर व कई गांव ढाणी के लिए जाता है। पिछले कुछ दिनो से मुस्लिम समाज को वक्फ बोर्ड द्वारा उक्त रास्ते पर गेट लगाने का आदेश मिलने पर उक्त रास्ते से आवागमन करने वाले लोगो ने उक्त रास्ता बंद नही करने को लेकर जिला कलैक्टर को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद मुस्लिम समाज व हिन्दु संगठन व उक्त रास्ते से आवागमन करने वाले लोगों के बीच सिरे मंदिर धाम के पीर गंगानाथ महाराज के सानिध्य में बैठक आयोजित हुई थी तथा गंगानाथ महाराज ने उक्त रास्ते का विवाद आपस में बैठकर हल करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद मुस्लिम समाज ने गेट नहीं लगाया।

बुधवार को गेट लगाने का मामला फिर गरमाने लगे। शहर के धुणिया मठ से शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए बड़ी संख्या में विधायक जोगेश्वर गर्ग के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता व हिन्दु संगठन के लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे। कलेक्ट्रेट के समक्ष कई वक्ताओं ने सम्बोधित किया।

इसके बाद जिला कलैक्टर को ज्ञापन सौपने कलैक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। कलैक्टर को ज्ञापन बाहर आकर लेने की जिद्द पर कार्यकर्ता अड गये। जिला कलैक्टर ने भी ज्ञापन ऑफिस में आकर देने की बात कही। ज्ञापन लेने एडीएम राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल आये लेकिन उन्हें ज्ञापन नहीं दिया। धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों ने गेट नहीं हटने पर गुरूवार को गुरूवार को जालोर बंद का आव्हान कर दिया।

विधायक ने कहा कि शहर के गिटको होटल के पास कब्रिस्तान के बीच में से करीब कई वर्षो से एक रास्ता गुजरता है। जो आगे खेतों और कई गांवों को भी जोड़ता है। इस रास्ते को विशेष समुदाय के लोगो द्वारा दीवार बनाकर गेट लगाकर बंद किया जा रहा हैं जिससे इस रास्ते पर आने वालों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

वहीं धरना प्रदर्शन में बीजेपी कार्यकर्ता परमवीर को धरपकड अभियान में गिरफ्तार करने के बाद सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश करने तथा उक्त आरोपी को न्यायालय में नही पेश करने का पुलिस पर भेदभाव पर आरोप लगाया। वहीं इसके बाद भाजपा कार्यकर्ता को भी रिहा कर दिया। वहीं जिला कलैक्टर ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन देने पर धरना समाप्त किया।

## किसान अनशन पर बैठे

**आसीन्द, (निसं)।** नेशनल हाईवे 158 पर ब्राह्मणों की सरेड़ी में किसानों के मुआवजे की मांग काफी समय से चल रही है। पर प्रशासन की अनदेखी के चलते किसानों की परेशानी बढ़ती जा रही है जबकि रोड़ का निर्माण पूरा होने आया है। पर अब तक मुआवजा नहीं मिला है इससे परेशान होकर आज अनशन पर बैठे गये थे। विधायक जब्बर सिंह सांखला को अनशन की सुचना मिलने पर ब्राह्मणों की सरेड़ी किसानों के पास पहुंचे और विधायक ने कहां कि किसानों की मांग का समर्थन किया व अधिकारी को मौके पर आने को कहा। देर शाम तक अनशन जारी रहा।

अनशन पर विजय लक्ष्मी देवी सारस्वत, सुमित्रा देवी, सरस्वती देवी जोशी, धीरज, रामप्रसाद सारस्वत, महावीर जोशी, लादु लाल सारस्वत, सुरेश जोशी, जगदीश जोशी, रामस्वरूप जोशी, भंवर जोशी, आदि बैठे। समर्थक में सरेड़ी मंडल महामंत्री पवन कुमार, नरेन्द्र, सरपंच अविनाश, उपसरपंच मुकेश, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विष्णु , देवकीनंदन आदि पहुंचे।

## बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की बढ़ाई चिंता

■ 30 से 40 प्रतिशत फसलों को हुआ नुकसान

■ 'टीमों को भेज कर कराया जाएगा सर्वे'

**अनूपगढ़, (निसं)।** अनूपगढ सहित आसपास के गांवों में तेज हवाओं के साथ बरसात और ओलावृष्टि हुई। जिसके कारण खेतों में खड़ी फसल खराब हो गई है। किसानों ने बताया कि खेतों में खड़ी गेहूं की फसल का नुकसान लगभग 30 से 40 प्रतिशत हुआ है। वहीं कटाई की गई सरसों की फसल का नुकसान 15 से 20 प्रतिशत हुआ है। इसकी सूचना किसानों ने कृषि विभाग के अधिकारियों को दी। कृषि विभाग के सहायक निदेशक रामनिवास चौधरी ने बताया कि किसानों से सूचना मिली है जिन गांवों में ओलावृष्टि के कारण फसल खराब हुई है वहां टीमों को भेजकर सर्वे करवाया जाएगा। सहायक निदेशक ने किसानों से अपील की है कि खराब फसल की सूचना 72 घंटों में किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत बीमा कंपनी को भी दे।

ग्राम पंचायत रोजड़ी के किसानों ने बताया कि ओलावृष्टि के कारण खेतों में खड़ी गेहूं की फसल की बालियां टूट गई है और वही सरसों की फसल की कटाई की गई थी ओलावृष्टि और बरसात के कारण सरसों की फसल में भी नुकसान हुआ है। गांव 2 एमजीएम,3 एमजीएम,1 के एच एम,3 के एच एम,10 आरजेडी,1 आर जे एम,2 आर जे एम,3 आर जे एम,5 केडब्यूएम,10 आर जे एम गांव में तेज हवा और बरसात के साथ ओलावृष्टि हुई है। किसानों ने इसकी सूचना कृषि विभाग के अधिकारियों को दी। अधिकारियों ने किसानों को आश्वस्त किया है कि शीघ्र ही टीमों का गठन कर खराब फसल का सर्वे करवाया जाएगा।

कृषि विभाग के सहायक निदेशक रामनिवास चौधरी ने बताया कि किसानों से उन्हें सूचना मिले कि ओलावृष्टि के कारण खेतों में खड़ी फसल का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में हुई ओलावृष्टि के कारण खराब हुई फसलों के सर्वे के लिए टीमों का गठन कर मौके पर भेजा जाएगा और खराब फसलों का सर्वे करवाया जाएगा। उन्होंने किसानों से अपील की है कि जिन किसानों की फसल का ओलावृष्टि के कारण नुकसान हुआ है वह किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत बीमा कंपनी में अपनी शिकायत 72 घंटों में टोल फ्री नम्बर पर दर्ज करवाएं। सहायक निदेशक रामनिवास चौधरी ने बताया कि अगर शिकायत दर्ज नहीं हो पाती है तो किसान बीमा कंपनी के एजेंट या फिर कृषि पर्यवेक्षक को शिकायत लिखित में दे सकता है।

# बालोतरा में क्रिकेट पर सट्टे का कारोबार चरम पर, पुलिस मौन

## कई घर इस सट्टे के कारण तबाह हो चुके हैं और कई उजड़ने की कगार पर

■ एडिशनल एसपी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिलते ही कार्रवाई करेंगे

**बालोतरा, (निसं)।** बालोतरा शहर में क्रिकेट पर सट्टे का कारोबार चरम सीमा है। कई घर अब तक इस सट्टे के कारण तबाह हो चुके हैं और कई उजडने की कगार पर हैं। चंद सैकेंड में अमीर बनने की लालसा में अंधे होकर लोग इस सट्टे रूपी जुए के खेल को खेलते हैं। इस धंधे से जुडे लोग कई गरीबों के घर उजाडने में अपनी अहम भूमिका निभा चुके हैं। ये लोगों को रातोंरात अमीर होने का सब्जबाग दिखाते हैं और उनसे 1 से 10 तक किसी भी एक अक्षर पर सट्टा लगाने को कहते हैं। रातोंरात अमीर बनने की चाह में लोग अपनी मेहनत की कमाई सट्टे में लगाकर अपना सब कुछ बर्बाद कर बैठते हैं। जिला में पुलिस की सख्ती से कार्रवाई के अभाव में बालोतरा शहर पूरे प्रदेश में फलौदी के बार दूसरे स्थन पर है। शहर पुलिस की और से कभी कभार उच्चाधिकारियों के पास शिकायत पहुंचने या सूचना मिलने के बाद की जा रही कार्रवाई से सटोरियों में कोई भय नहीं है।

सूत्रों के अनुसार बालोतरा में सटटे का कारोबार फलीफूत होने की बड़ी वजह पड़ताल करने पर सामने आई है कि बालोतरा पुलिस के कुछ जवान बिना वर्दीधारी, जो सट्टे के कारोबारियों से संपर्क में रहते हैं और जब भी पुलिस को सट्टे की सूचना मिलती है तो वो उन्हें सावचेत कर देते हैं। ऐसे में इस कारोबार को रोकना पुलिस के लिए भी टेढी खीर साबित हो रहा है।

क्रिकेट पर सट्टा खेलाने वालों को इस कारोबार में बुकी कहा जाता है। बालोतरा शहर में इस सट्टे के कारोबार से जुड़े करीब 50 से 60 बड़े बुकी है। वहीं छोटे कारोबारियों की गिनती भी नहीं की जा सकती है। इन बुकियों के अपने ठिकाने भी फिक्स कर रखे हैं, जहां मैच के शुरु होते जमघट शुरू हो जाती है। बालोतरा पुलिस की ओर से पिछले छह माह में सट्के खिलाफ की कार्रवाई के आंकडों को देखा जाए तो महज दो या तीन कार्यवाई ही की गई है। ऐसे में शहर में संचालित सट्टे का कारोबार करने वाले सटोरियों के हौसलें बुंलद है। जबकि सट्टे से जड़े जो लोग बर्बाद हो चुके हैं, उनके परिवारजनों की ओर से लगातार शिकायतें व इसकी सूचना भी पुलिस को दी जा रही है।

**स्कूल से लेकर कॉलेज के छात्र भी पीछे नहीं:-** पुलिस की ओर से की गई पिछली कार्रवाईयों में कई युवा, जिनमें स्कूली व कॉलेज छात्र भी इस कारोबार में लिप्त मिले। पढ़ाई छोड़कर छात्र भी इस गेम में अपना भाग्य आजमाने लग पडे हैं। सट्टा माफिया इनका जीवन बर्बाद करने में आगे ही है। वह भी स्कूली छात्रों को पर्ची लगाने से इंकार करने की बजाय उनको इस खेल में फायदे बता रहा है।

**कैसे चलता है कारोबारः-** सट्टे लगाने के लिए युवाओं को अमानत राशि के रूप में सट्टा खिला रहे लोगों के पास पैसे जमा करने होते है। जमा पैसों के हिसाब से फोन पर हार जीत के दांव बुक किए जाते है। बाजार में टीम की जीत व हार के साथ हर वॉल के लिए दरें खोली जाती है। दरों के हिसाब से ही हार जीत पर दांव लगाने वाले को भुगतान किया जाता है।

**पत्रकार के सवाल पर थाना अधिकारी आए तू तडाक पर :-** बालोतरा में एक पत्रकार द्वारा व्हाट्सएप ग्रुप में खबर प्रसारित कर पुलिस से सवाल पूछा गया कि देश में आईपीएल चल रहे हैं और सट्टा कारोबार अपनी चरम सीमा पर है तो भी बालोतरा पुलिस द्वारा सटोरियों को गिरफ्तार क्यों नहीं किया जा रहा है क्यों कार्यवाही नहीं की जाती है।

इस पर बालोतरा के एसएचओ उगमराज सोनी (सीआई) इस तरह जनहित में पूछे गए सवाल पर भडक उठे और पत्रकार के सवाल को बकवास बता कर पत्रकार को ही उल्टा फर्जी करार दे दिया। इस मामले पर अन्य पत्रकारों ने भी एसएचओ को आडे हाथ लिया और अधिकारी को एक जिम्मेदार और संवैधानिक पद पर होते हुए भी भाषा की मर्यादा नही रखने और ओछी भाषा का प्रयोग करने पर खरी खोटी सुनाई।

व्यापारी रमेश ने बताया कि सट्टा और गेम से युवा पीढी बर्बाद हो रही है। उसको लेकर बालोतरा पुलिस प्रशासन द्वारा छोटी-बड़ी कार्यवाही कर रहे।

एडिशनल एसपी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिलते ही कार्रवाई करेंगे। मीडिया के प्रति थानाधिकारी सोशल मीडिया पर गलत बोल रहे हैं तो गलत है मैं उनसे बात करता हूं।

## शिक्षिका को टक्कर मारकर हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

**टोडाभीम, (निसं)।** जिले में पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस के निर्देशन में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण एवं वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए गए अभियान के अंतर्गत एक शिक्षिका की स्कार्पियो से गाड़ी से टक्कर मारकर हत्या करने के आरोप में ओहरण चल रहे पांच हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया गया हैं।

थानाधिकारी बृजेश कुमार मीना ने बताया कि 2018 में ग्राम पंचायत के राजकीय माध्यमिक विधालय में कार्यरत शिक्षिका नीतू गुर्जर को शाम करीब पांच बजे बाद विधालय से अपने घर लौटते समय नांगललाट व मंडेरु मोड़ के बीच मोटरसाईकिल को पीछे से एक स्कार्पियों में सवार दो अज्ञात युवकों के द्वारा टक्कर मार देने से शिक्षिका गंभीर रो से घायल हो गई थी। घायल शिक्षिका नीतू गुर्जर की जयपुर में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। शिक्षिका की स्कॉर्पियो गाड़ी से टक्कर मारकर हत्या करने के मामले में फरार चल रहे पांच हजार रुपए के इनामी बदमाश मुकेश पुत्र छीतरमल निवासी झिरी थाना प्रतापगढ जिला अलवर को गिरफ्तार किया गया।

थानाधिकारी बृजेश कुमार मीना ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए मेरे स्वयं के निर्देशन में गठित की गई टीम में कांस्टेबल मुकेश मीना, महेश कुमार, महेश के द्वारा व्याख्याता नीतू गुर्जर की हत्या के आरोप में फरार चल रहे पांच हजार रुपये के इनामी बदमाश मुकेश राणा के9 गिरफ्तार कर उससे अन्य आरोपियों के बारे में कड़ी पूछताछ की जा रही हैं।

# पांच सटोरियों को दबोचा

**चूरू, (कासं)।** चूरू जिले में पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट मैच पर सट्टा करते 5 सटोरियों को दबोचा है। यहां जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीणा ने बताया कि राजेन्द्र कुमार मीणा आरपीएस अति. पुलिस अधीक्षक चूरू एवं राजेन्द्र कुमार बुरडक वृताधिकारी वृत चूरू के निकटतम सुपरविजन एवं मदनलाल पुनि थानाधिकारी पुलिस थाना कोतवाली के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा पिछली रात्रि को मोचीवाडा कस्बा चूरू में दिल्ली कैपिटलस बनाम गुजरात टाईटन्स आई.पी.एल. क्रिकेट मैच के दौरान सट्टा करते जयप्रकाश सरोठिया पुत्र पवन कुमार, जतेन्द्र सरोठिया पुत्र रामवतार और अमित गोयनका पुत्र ओमप्रकाश गोयनका को गिरफ्तार किया है।